>

Title: Issue regarding hallmark of 18, 20, and 22 carat gold jewellary made in Meerut.

**श्री राजेन्द्र अग्रवाल (मेरठ):** सभापति महोदय, मेरठ स्वर्ण आभूषणों के निर्माण का बड़ा प्रमुख केन्द्र है । वर्तमान में मेरठ में 18, 20 और 22 कैरेट के आभूषणों का हॉलमार्क पास है । इन श्रेणियों के मुख्य आभूषणों में 22 कैरेट के आभूषणों के मुकाबले सस्ते तथा मज़बूत होने के कारण 20 कैरेट के आभूषण विशेष रूप से निम्न आय वर्ग में सर्वाधिक लोकप्रिय हैं । हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, उत्तराखण्ड, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार तथा झारखंड में अधिकतम 20 कैरेट के आभूषण ही चलते हैं । गत कुछ महीनों से उपरोक्त 20 कैरेट के आभूषणों के हॉलमार्क में विभाग द्वारा बंद किए जाने की संभावना की चर्चा से क्षेत्र के आभूषण निर्माता, कारीगरी तथा छोटे-मोटे ज्वेलर्स अपने रोज़गार को ले कर आशंकित हैं ।

मेरा आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि वर्तमान व्यवस्था के अनुसार ही 18, 20 तथा 22 कैरेट के आभूषणों का हॉलमार्क ही लागू रहने दिया जाए । अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुसार सामान्यत: 14, 18 और 22 कैरेट की बात की जाती है । परंतु भारतीय संदर्भ में 20 कैरेट के आभूषणों का निर्माण बहुत आवश्यक तथा महत्वपूर्ण है । कृपया इसको लागू रहने दिया जाए ।